# केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने की रायपुर में दिव्यांगजन पार्क निर्माण की घोषणा

**❐ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में 'दिव्यांगजन पार्क' निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन देने की घोषणा की**

**❐ दिव्य कला मेला, दिव्यांग भाई-बहनों के अद्वितीय कौशल और उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन : केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार**

रायपुर | आरएनएस

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में 17वें 'दिव्य कला मेला' का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने रायपुर में जमीन मिलने पर दिव्यांगजन पार्क निर्माण कराने की घोषणा की, जिस पर मुख्यमंत्री साय ने रायपुर में इस पार्क के निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा की। रायपुर में ''दिव्य कला मेला'' 16 अगस्त 2024 से 23 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्य कला मेला, दिव्यांग भाई-बहनों के अद्वितीय कौशल और उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने की है। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि देश के सर्वांगीण विकास में दिव्यांगजनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सके। प्रधानमंत्री मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का सपना तब ही पूर्ण हो पाएगा, जब हमारे दिव्यांग भाई-बहन आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगे।

उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में संचालित राज्य संसाधन केंद्र (सीआरसी) के नए भवन बनने के बाद वहां दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी 'दिव्य कला मेला' का आयोजन किया जाएगा। इनके स्थान का निर्धारण मुख्यमंत्री साय द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मेले में लगभग 60 स्टॉल लगाए गए हैं। यहां आने वाले अन्य राज्यों के व्यंजनों का रसास्वादन कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को पहले अनेक नामों से संबोधित किया जाता था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दिव्यांगजन का नाम दिया। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों की 7 श्रेणियों को बढ़ाकर 21 श्रेणियां की गई है। शासकीय नौकरी में आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया है। शासकीय विद्यालयों और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश के लिए आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया है। दिव्यांगजनों के लिए सुगम भारत अभियान के तहत शासकीय भवनों, रेल्वे स्टेशनों, एयरपोर्ट में रैम्प तथा अलग शौचालय बनाए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने 16 से 22 अगस्त तक रायपुर में आयोजित दिव्य कला मेला को 23 अगस्त तक आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस मेले में दिव्यांगजन उद्यमियों और कलाकारों आने-जाने, ठहरने और स्टॉल उपलब्ध कराने की नि:शुल्क व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम द्वारा दिव्यांगजनों को व्यवसाय हेतु रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग भी प्रदान किए जाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 75 दिव्यांग विद्यार्थियों को नेशनल ओव्हरसीज स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इस वर्ष इसके लिए अब तक 25 आवेदन प्राप्त हुए है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि दिव्य कला मेला ने दिव्यांगजन की रचनात्मकता, कौशल, और सृजनशीलता को एक मंच प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने उत्पादों को देश-विदेश में प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने कहा कि दिव्य कला मेला के पिछले सफल आयोजनों ने न सिर्फ दिव्यांगजन की भागीदारी को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को भी सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से दिव्य कला मेले में अधिक से अधिक संख्या में आने और दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों को देखने, परखने और खरीदने का आग्रह किया, ताकि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में सहायता मिले।

मुख्यमंत्री साय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेला दिव्यांगजन के लिए न सिर्फ आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि सामाजिक समरसता का एक महत्वपूर्ण स्तंभ भी है। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगजन को रियायती ऋण की स्वीकृति में हुई बाधाओं को दूर करते हुए, आज 25 लोगों को ऋण स्वीकृति पत्र जारी करना एक नई शुरुआत का प्रतीक है। एनडीएफडीसी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने दिव्यांगजन के आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए इस मेले का आयोजन एक ऐतिहासिक अवसर है। जिसमें 16 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के दिव्यांग उद्यमी और कलाकार अपने उत्पाद लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दिव्यांगजनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ में अब तक 788.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 788.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 17 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1711.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 424.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 751.4 मिमी, बलरामपुर में 1128.3 मिमी, जशपुर में 613.4 मिमी, कोरिया में 777.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 788.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 677.0 मिमी, बलौदाबाजार में 821.1 मिमी, गरियाबंद में 755.8 मिमी, महासमुंद में 567.9 मिमी, धमतरी में 726.3 मिमी, बिलासपुर में 708.1 मिमी, मुंगेली में 779.7 मिमी, रायगढ़ में 686.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 444.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 779.5 मिमी, सक्ती 653.3 मिमी, कोरबा में 985.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 749.5 मिमी, दुर्ग में 502.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 626.7 मिमी, राजनांदगांव में 831.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 924.0 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 585.2 मिमी, बालोद में 848.3 मिमी, बेमेतरा में 456.2 मिमी, बस्तर में 865.1 मिमी, कोण्डागांव में 795.2 मिमी, कांकेर में 1036.5 मिमी, नारायणपुर में 920.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 1004.2 मिमी और सुकमा जिले में 1089.5 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### बाइकर्स ने किया स्टंटबाजी, 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत नया रायपुर के सडक़ों में अलग-अलग दोपहिया वाहनों में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने दोपहिया वाहनों में स्टंट करते हुए स्वयं तथा दूसरों के साथ दुर्घटना होने एवं मानव जीवन को संकट में डाले जाने की प्रबल संभावना उत्पन्न हो रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर घेराबंदी कर सडक़ में बाईक से स्टंट करने वाले 5 बाईक राईडर्स को पकडक़र उनके विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्यवाही किया गया। पकड़े गए स्टंटर्स में करण कोसले 22 वर्ष निवासी पलौद, रामेश्वर चक्रधारी 20 वर्ष निवासी लालपुर देवुपरी, शिवम भारती 20 वर्ष निवासी पलौद, विवेक कुमार गौतम 20 वर्ष निवासी बीरगांव व साहिल कुमार जांगडे 18 वर्ष निवासी सुदामा नगर टिकरापारा है।

### 23 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म जवानी जिंदाबाद

**रायपुर (आरएनएस)।** कॉमेडी और रोमांस से भरपूर जवानी जिंदाबाद 23 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। फिल्म में आकाश सोनी, लक्षित झाँजी ज्योत्सना ताम्रकार और सुमन पटनायक हैं। इनके अलावा पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, संजय महानंद, प्रोजेक्ट हेड पूरन किरी, अंजली चौहान भी दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशक ने बताया कि इस बार हमने कॉमेडी जॉनर लिया है। यह फिल्म हंसी मजाक में गहरा संदेश भी देगी। आजकल एजुकेशन पर यूथ का फोकस कम रहता है। कई तरह के एडिक्शन के चलते युवा भटक जाते हैं। वहीं, कुछ युवा ऐसे भी हैं जिनके पास संसाधन नहीं होते लेकिन उनका रुझान पढ़ाई में रहता है। हमारी फिल्म में दोनों तरह के युवाओं की साइकोलॉजी दिखाई गई है। बता दें कि इससे पहले गंगासागर ने वैदेही बनाई थी जिसे खूब सराहा गया। कॉमेडी जॉनर पर मूव करने के सवाल पर उनका कहना है, लंबे समय से यहां एक ही तरह के विषय पर फिल्में बन रही हैं। यह नए कंटेंट और एक्सपेरिमेंट का जमाना है। इसलिए हमने कॉमेडी जॉनर को चुना। लेकिन हमने कॉमेडी के साथ जो मैसेज दिया है वो आज के हिसाब से बहुत लॉजिकल है।

# प्रशासन और नागरिक के बीच हुए क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन की हुई जीत

**❐ जिला प्रशासन से नागेश्वर सिदार रहे मैन ऑफ द मैच**

**❐ खेल युवा कल्याण विभाग ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**

**❐ सद्भावना मैच होने के कारण एक बार कलेक्टर को आउट नहीं किया गया**

सारंगढ़ बिलाईगढ़

स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर सारंगढ़ की वर्षों पुरानी परंपरा को बनाए रखते हुए सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आजादी के पर्व में जिला प्रशासन और नागरिक एकादश के मध्य सद्भावना मैच का आयोजन हुआ। कलेक्टर धर्मेश साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान को खेलते देखकर ऐसा लगा कि मानो वे सचमुच खेलना चाहते थे। एसपी पुष्कर शर्मा को देखकर लगा वो पहले से ही क्रिकेट खेलते थे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग इसके आयोजक रहे।

नागरिक एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। प्रारंभिक ओवरों में जिला प्रशासन ने पहले ही गेंद में अधिवक्ता अश्वनी चंद्र को बोल्ड कर टीम को दबाव में ले आए। टीम के 3 वरिष्ठ खिलाड़ी जगन यादव सूरज तिवारी गोविंद बेरेठा को आउट कर जिला प्रशासन ने मैच में कब्जा जमाया। नागरिक एकादश से गुलाब साहू और गोल्डी नायक के नाबाद पारी ने 8 ओवरों में 67 रन तक टीम को पहुंचाया। गुलाब साहू की 32 रन की शानदार पारी रही तो गोल्डी नायक पूरे मैच में नाबाद रहे। नागरिक एकादश में अजय बंजारे, मनोज जायसवाल ने किफायती गेंद बाजी की और कलेक्टर, एसपी और हरिशंकर चौहान जो पिच में टीके हुए थे उनका अहम विकेट लिया। जिला प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के बीच लंबी पारी खेली गई। इसी बीच सद्भावना मैच होने के कारण एक बार कलेक्टर को आउट नहीं किया गया। पुलिस कप्तान पुष्कर शर्मा के चौके और नागेश्वर सिदार के बिग हिट से अंतिम गेंद में 12 रन की आवश्कता पड़ने पर कृषि विभाग के अधिकारी दीपक बंजारे व पीटीआई मनोहर पैंकरा ने अंतिम गेंद में छक्का जड़ कर मैच का पूरा रुख ही बदल दिया और जीतता हुआ मैच नागरिक एकादश हार गई। मैच में अंपायर वरिष्ठ क्रिकेटर मोनू पटेल चूंचू, स्कोरर शैलेंद्र प्रधान, थर्ड अंपायर नंदराम बंजारे और कॉमेंटेटर कार्य में पशु चिकित्सा अधिकारी आर बी तिवारी और पत्रकार गोल्डी नायक ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

कलेक्टर धर्मेश साहू, नगर पालिका के उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से कौशल ठेठवार, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी फकीरा यादव ने सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जिला पुलिस कप्तान ने आजादी के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि इस मैच से जिला प्रशासन के अधिकारियों को लंबे समय से काम का दबाव, भाग दौड़, आयोजन की तैयारी जैसे दबाव से थोड़ा राहत मिलता है। नागरिक एकादश से पत्रकार जनप्रतिनिधि अधिवक्ता संघ व्यापारी संघ के खिलाड़ी खेलते हैं उनसे परिचय होना और सामाजिक रूप से हमें जुड़ने का अवसर मिलता है।

**पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में चोरी**

# यूपी की पांच महिला चोर ने तीन श्रद्धालुओं के गले से की सोने की चेन पार, होटल से गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

राजधानी के नया रायपुर में आयोजित शिव महापुराण कथा में सोने की चेन चोरी करने वाली उत्तरप्रदेश की पांच महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई पांचो महिलाएं चोरी करने के बाद गंज थाना क्षेत्र के वेलकम होटल में ठहरी हुई थी। पुलिस ने महिलाओं के पास से तीन नग चेन जब्त किया है। दरअसल, 13 अगस्त को थाना राखी क्षेत्र के ग्राम गनौद/खरखराडीह में पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा आयोजित की गई थी। कथा में अज्ञात चोरों द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर 3 अलग-अलग महिला श्रद्धालुओं के गले से सोने की चैन को चोरी कर लिया गया था। चोरी की शिकायत को एसएसपी संतोष सिंह ने गंभीरता से लिया और जांच कर चोरों को पकडऩे के निर्देश क्राईम व थाना राखी की टीम को दिया गया था। पीड़ितों से पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। टीम के सदस्यों द्वारा वाहनों सहित होटल, लॉज एवं ढ़ाबों की भी चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्य गंज थाना क्षेत्र स्थित वेलकम होटल को चेक करने पहुंचे। होटल में यूपी के कुछ महिलाएं रूकी थी, जो संदिग्ध दिख रही थी, जिनके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर 3 नग सोने की चैन जब्त की गई।

# भगवान जगन्नाथ एवं बलभद्र को 21 राखियां बहनें बांधेंगी 18 को

**❐ ब्रह्माण्ड में भाई-बहन का एक मात्र मंदिर जहां दोनों की पूजा की जाती है**

**रायपुर (आरएनएस)।** उत्तर विधानसभा के विधायक एवं जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि भगवान जगन्नाथ का संबंध रक्षाबंधन के त्योहार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पूरे ब्रह्माण्ड में भगवान जगन्नाथ का एक मात्र मंदिर है, जहां उनकी बहन सुभद्रा की मूर्तियों की श्रद्धालुओं द्वारा अंतरमन से पूजा की जाती है। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ एवं बलभद्र को 2100 बहनें 18 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के मध्य राखी बांधकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगी। पूरे संसार से भाई-बहन का एकमात्र रिश्ता है, जिसका पौराणिक परंपरा के अनुसार प्यार एवं स्नेह के साथ बहनों द्वारा भाईयों को राखी बांधकर बहनों की रक्षा का वचन लिया जाता है। उन्होंने बताया भगवान बलभद्र का रक्षाबंधन के दिन जन्म हुआ था। इसलिए रक्षाबंधन के त्यौहार जगन्नाथ पुरी सहित पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। ओड़िसा में सावनी पूर्णिमा को गम्हा पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। भगवान बलभद्र कृ षक समुदाय के देवता है, इस दिन बहन सुभद्रा भगवान जगन्नाथ एवं भगवान बलभद्र को कलाई में राखी बांधती हैं। पुरी में चार प्रकार की राखियां बनाई जाती हैं। यह राखी पतारा बिसोई सेवकों द्वारा बनाई जाती है। भगवान जगन्नाथ की राखी को लाल और पीले रंग से रंगा जाता है। भगवान बलभद्र की राखी को नीले और बैंगनी रंग से रंगा जाता है।

# बलौदाबाजार पुलिस ने विधायक देवेन्द्र को किया गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस



बलौदाबाजार में हुए उपद्रव के प्रकरण में बलौदाबाजार पुलिस भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के घर पहुंचकर उनको गिरफ्तार किया है। इधर पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही यहां भारी संख्या में समर्थक जुट गए तथा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञात हो कि बीते 10 जून को बलौदा बाजार में सतनाम पंथ का विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम था। प्रदर्शन हिंसक उपद्रव में तब्दील हो गया। भीड़ ने कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय में आग लगा दी थी। साथ ही पुलिसकर्मियों पर प्राणघातक हमला किया गया । पुलिस का दावा है कि,भीड़ को सभा स्थल पर उत्तेजक भाषणों के द्वारा हिंसा के लिए भडक़ाया गया। जिस सभा स्थल पर उत्तेजक और विषैले भाषण हुए, वहाँ भिलाई विधायक देवेंद्र यादव अपने समर्थकों के साथ मौजूद थे। विधायक देवेंद्र यादव को बलौदा बाजार पुलिस ने इस मामले में नोटिस देकर बुलाया था। विधानसभा सत्र के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने 22 जुलाई को बलौदा बाजार पुलिस थाने जाकर बयान दर्ज कराया था। विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने बीते 11 अगस्त को धारा 160 के तहत फिर नोटिस दिया और 16 अगस्त को तलब किया। नोटिस में पुलिस ने लिखा-22 जुलाई को आपका कथन दर्ज किए जाने के पश्चात साक्ष्य संकलन में प्राप्त तथ्यात्मक बिंदुओं पर आपसे अग्रिम पूछताछ की स्थिति उत्पन्न हुई है। इन तथ्यात्मक बिंदुओं पर आपसे सूक्ष्म एवं प्रभावी पूछताछ कर जानकारी प्राप्त किये जाने के संबंध में आपकी उपस्थिति आवश्यक है। इसके बाद बार-बार विधायक को नोटिस जारी किया जा रहा था किंतु वे थाने नही पहुंच रहे थे। 16 अगस्त को फिर से विधायक यादव को नोटिस जारी किया गया था किंतु वे थाने नही पहुंचे जिसके चलते 17 अगस्त को एडिशनल एसपी बलौदाबाजार के नेतृत्व में पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने उनके निवास स्थान पहुंची। इधर विधायक की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक भी वहां पहंच गये और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिसे देखते हुए वहां पुलिस बल बुलाना पड़ा। इस दौरान पुलिस तथा विधायक समर्थको के बीच झूमाझटकी भी हुई।

# टेलर-पिकअप की टक्कर से छत्तीसगढ़ के 3 तीर्थ यात्रियों की मौत

बलरामपुर | आरएनएस



जिले के बलरामपुर विकासखंड के 21 तीर्थ यात्री करीब 8 दिन पूर्व पिकप से तीर्थ यात्रा के लिए निकले थे वह वृंदावन से वापस आने के दौरान कौशांबी के दिल्ली हावड़ा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की सुबह 5:30 बजे के करीब खड़ी टेलर से पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई जिससे छत्तीसगढ़ के 3 तीर्थ यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 18 घायल हो गए। छत्तीसगढ़ की मृत तीर्थ यात्रियों में मृत महिला का दाह संस्कार बनारस में किया गया वहीं दो तीर्थ यात्रियों का शव उनके गृह ग्राम आज सुबह लाया गया जहां दाह संस्कार किया गया प्रशासन के द्वारा पहल कर घायल तीर्थ यात्रियों को छत्तीसगढ़ एंबुलेंस से लाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ से घायल तीर्थ यात्रियों का हाल-चाल जानने जिला पंचायत के पूर्व सदस्य धीरज सिंह देव एवं जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित कौशांबी एवं प्रयागराज पहुंचे जहां उन्होंने घायलों का हाल-चाल जाना। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन कौशांबी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से निरंतर संपर्क स्थापित कर बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने की पहल एवं घायलों को छत्तीसगढ़ आने की पहल लगातार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप से 8 दिन पूर्व बलरामपुर रामानुजगंज जिले के बलरामपुर विकासखंड के 21 तीर्थ यात्रियों का दल उत्तर प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों जिसमें बाबा धाम अयोध्या वाराणसी प्रयागराज वृंदावन सहित अन्य तीर्थ स्थलों के लिए निकला था। वृंदावन से जब वापस आ रहे थे इसी दौरान सुबह 5:30 के करीब कौशांबी के राष्ट्रीय राजमार्ग में खड़ी टेलर से पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई जिससे मौके पर ही जिले के तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में ग्राम बरदर के फेकू साव उम्र 70 वर्ष, ग्राम सुर्रा के मुन्नी प्रजापति,रामनगर कला के शिवकुमारी दुबे है शिव कुमारी दुबे का अंतिम संस्कार बनारस में ही स्वजनों के द्वारा किया गया वहीं मृतक मुन्नी प्रजापति एवं फेकू साव का पार्थिव शरीर आज सुबह गृह ग्राम पहुंचा जिनका अंतिम संस्कार स्वजनों के द्वारा किया गया। घायलों का इलाज प्रयागराज एवं कौशांबी के अस्पताल में चल रहा है वहीं कुछ घायलों को छत्तीसगढ़ भी एंबुलेंस के द्वारा लाया गया।

# लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड की बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**❐ पुलिस ने दिया सुरक्षा का वचन**

रायगढ़

सोमवार 19 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है, इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस कंट्रोल रूम में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड की महिला ब्रिगेड ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षासूत्र बांधकर इस पर्व को पहले ही और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल समेत अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही।



रक्षाबंधन के इस विशेष कार्यक्रम में लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड की प्रेसिडेंट आशा बेरिवाल, रीजन चेयरपर्सन लता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, पूनम सिंह, सविता साव, मंजू बजनिया, सरिता अग्रवाल, अनिता गुप्ता, ममता सावडिया, मुस्कान सलूजा, शाहिना मल्लिक, और निर्मला बेरिवाल ने पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें रक्षा का प्रतीक बनाया।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और इस पर्व के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन रक्षा का प्रतीक है, और पुलिस का कर्तव्य है कि वे समाज के सभी लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की रक्षा करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि रायगढ़ पुलिस हमेशा नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगी।

रक्षासूत्र पहनने के बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने बहनों को सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का वचन दिया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, सीएसपी आकाश शुक्ला, ट्रैफिक डीएसपी रमेश चन्द्रा, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, टीआई सुखनंद पटेल, प्रशांत राव, त्रिनाथ त्रिपाठी, मोहन भारद्वाज, स्टेनो अशोक देवांगन, एसआई डीपी साहू सहित कई अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम ने रक्षाबंधन पर्व की सच्ची भावना को जीवंत कर दिया, जिसमें समाज और पुलिस के बीच सुरक्षा और विश्वास का एक मजबूत बंधन स्थापित हुआ। रायगढ़ पुलिस और लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड की महिला ब्रिगेड के इस मिलन ने एक सकारात्मक संदेश दिया कि समाज की रक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है, और यह सुरक्षा का वचन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक कर्तव्य है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU